लेकिन साथ ही साथ मैं एक बात कहना चाहता हूं कि कोआपरेटिव के सम्बन्ध में जितनी हमारी धारणाये थीं, जिस प्रकार का एक हमारा दिमाग था, आज से दस साल पहले कोआपरेटिव के लिए जो हमारी भावना बनी थी वह भावना आज मरी हुई मालूम होती है । हमने इस कोआपरेटिव मूवमेन्ट को आर्थिक विकास का एक अंग माना था । हम कहते थे कि हमारे गांवों का विकास कोआपरेटिव की मार्फत हो । हमारी धारणा थी कि गांवों में इस प्रकार की एक इकाई हो, एक कोआपरेटिव सोसायटी हो जो उस गांव में रहने वालों के लिए, उस क्षेत्र में रहने वालों के लिए आर्थिक विकास के सभी प्रकार के साधन उपलब्ध कराये । वह संस्था उनको ऋण दे, जो छोटे-छोटे काश्तकार हों जो कि ट्रैक्टर खरीद नहीं सकते उनके लिए सोसायटी स्वयं ट्रैक्टर खरीदे और उनको काश्त करने में सुविधायें दे, इसी प्रकार से उनको बीज की सुविधायें प्रदान करे । उसके अतिरिक्त सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह थी कि किसान मिडिलमैन द्वारा एक्स-प्लायटेड था और इसलिए हमारी बराबर यह मांग रही कि एग्रीकल्चर प्रोड्यूस की स्टेट ट्रेडिंग होनी चाहिए । इसमें देर लगेगी लेकिन स्टेट ट्रेडिंग का दूसरा वाया मीडिया हो सकता कोआपरेटिव सेक्टर । यदि हम उसमें कोआपरेटिव सेक्टर को लायें, उसको हम वहां पर पनपाना चाहें तो उससे किसानों को एक बहुत बड़ी रिलीफ मिल सकती है । परन्तु आज वह स्थिति नहीं है । आज जितने भी कानून बने हैं, वे कानून अच्छे हो सकते हैं लेकिन हमारी सरकारी मशीनरी और हमारी गवर्नमेन्ट उस स्टेज तक नहीं गई है कि हम कोआपरेटिव सेक्टर में विलेज लेविल पर एक यूनिट बना दें । हम एक ऐसी कोआपरेटिव सोसायटी

[श्री शिवनाथ सिंह]

वहां पर बना दें जो कि एक वायबिल यूनिट हो जिसके जरिये से उस क्षेत्र मे रहने वाले काश्तकारों को जिस किसी भी चीज की आवश्यकता हो, अपनी जमीन सुधारने के लिए, खेती करने के लिए, पंपिंग सेट्स लेने के लिए या ट्रैक्टर किराये पर लेने के लिए—इस प्रकार के सारे साधन उनको उस कोआपरेटिव सोसायटी के मार्फत उपलब्ध किए जा सकें तो फिर हम किसानों की भलाई कर सकते हैं। इस प्रकार से हम अपने रूरल सेक्टर के आर्थिक विकास में एक कड़ी जोड़ सकते है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस ओर भी ध्यान दें। हालांकि इसमे वे सारे प्रावधान नहीं हो सकते, आज का जो हमारा मेटअप हैं उसमें हम सारी बातें नही कर सकते इसलिए मै समझता हूं जब तक हम इसमे ओवरआल चेंज नहीं करेंगे, इस मशीनरी के दिमाग को चेंज नहीं करेंगे तब तक यह बातें होने वाली नहीं हैं। आज हम देखते है कि कोआपरेटिव के लिये अलग-अलग प्रावधान रखे हैं।

उदाहरण के रूप मे हमारी जो सुपर-बाजार की स्कीम है उसको बहुत अच्छा समझ कर चालू किया गया था। उसको कोआपरेटिव मिनिस्ट्री ने लिया, सरकार ने लिया, हम चाहते थे कि कज्यूमर्स को रीजनेबिल प्राइस पर चीजें मिलें और प्रोड्यूसर को भी ठीक पैसे मिलें। खास तौर से कंज्यूमर्स के लिए हमने उसको रखा था। लेकिन आज उसकी स्थिति क्या हैं? वह बिल्कुल ह्वाइट एलिफैंट बन गए हैं। उसमें सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हमारे सरकार के आफिसर्स अपने रिलेटिव्ज को और अपने मिलने-जुलने वालों को ओब्लाइज करने के लिए उसमे रखते हैं। आज जितने भी सुपर बाजार हैं उनमें हाईपेड आफिसर्स रखे गए हैं। 1500, दो हजार और तीन हजार पर आफिसर्स को उसमें रखा गया हैं और वे डेपुटेशन पर वहा जाते हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कोआपरेटिव सेक्टर को यदि आप पनपाना चाहते है तो वहां पर डेपुटेशन को बिल्कुल खत्म कर दीजिए। यदि आप कोआपरेटिव मूवमेंट पर विश्वास रखते हैं, यदि आपस मे मिल जुल कर जो काम करना चाहते हैं उन पर आप विश्वास रखते है और यदि उन पर आप जिम्मेदारी डालना चाहते है तो इस डेपुटेशन की परम्परा के प्राविजन को इस कोआपरेटिव कानून मे बिल्कुल हटा दीजिए। आज कनाट सर्कस से जो सुपर बाजार है वहा पर एक करोड़ के आस-पास घाटा है। आखिर किस बात का घाटा है? वहा पर चीजें आपको सस्ती मिलती है। सुपर बाजार मे जितनी भी चीजें सरकारी क्षेत्र मे आती है वह रीजनेबिल रेट्स पर मिलती हैं। इसी प्रकार वे जो चीजे होलसेल में खरीदते हैं वह अच्छी कीमत पर मिलती हैं लेकिन उसके बाद भी घाटा है। यह जो घाटा है वह सिर्फ मैनेजमेन्ट की वजह से घाटा है। वहा के मैनेजीरियल स्टाफ पर बहुत रुपया खर्च होता है जिससे न तो शेयर होल्डर्स को कोई फायदा पहुचता है और न कज्यूमर्स को ही कोई फायदा पहुचता है। वहा पर जो बड़े-बड़े आफिसर्स लगा रखे है ढाई हजार और तीन हजार रुपए की तनख्वाह पर वे सारा रुपया खा जाते है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इन बातों को ठीक करना चाहिए और कोआपरेटिव सेक्टर को कोआपरेटिव स्पिरिट से चलाना चाहिए।

इसी प्रकार से कोआपरेटिव सेक्टर मे कई शुगर मिलें है लेकिन उनका मैनेजमेन्ट आप अपने एडमिनिस्ट्रेटर्स को देते है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जितने फाइनेन्सेज के मामले होते हैं उनके लिए गवर्नमेंट वहा पर अपना आदमी रख सकती है। सिर्फ फाइनेन्सेज को हैंडिल करने के लिए ही वहां पर आपका आदमी होना चाहिए लेकिन पालिसी क्या हो, किस प्रकार का इन्तजाम होना चाहिए, किस प्रकार से सारे काम होने चाहिए। किस प्रकार से मिल चले, कहां से गन्ना खरीदा जाये, किस प्रकार से बिक्री हो—ये सारे काम कोआपरेटिव सोसायटी को ही दिए जाएं तभी कोआपरेटिव सेक्टर आगे बढ़ सकता है। फाइनेन्सेज की रक्षा के लिए आप वहां पर एडमिनिस्ट्रेटर

रख सकते हैं जो कि केवल फाइनेन्सेज को हैंडिल करे लेकिन बाकी मैनेजमेन्ट को उसके पास न रखें। लेकिन आज हम देखते हैं, इस बिल में भी प्रावधान है कि कोई भी कोआपरेटिव सोसायटी जो ठीक ढंग से काम नहीं करती है, रजिस्ट्रार का कहना नहीं मानती है, उसके हिसाब से चुनाव नहीं कराती है तो वहा पर एडमिनिस्ट्रेटर कायम कर दिया जायेगा—पहले एक साल के लिए और बाद मे उसको तीन साल तक बढ़ा सकते है। मैं आपसे निवेदन करना चाहूगा कि एक भी सोसायटी ऐसी नहीं है कि जहा पर एक बार एडमिनिस्ट्रेटर पहुंच जाये तो वह वहा से हटने की कोशिश करे। वह वहा से कभी भी हटने की कोशिश नही करना क्योकि उसको वहा पर लूटने का मौका मिलता है। इसलिए यदि कभी किसी सोसायटी का मैनेजमेट ठीक से काम न करे तो उसको भग कर दिया जाये और तीन महीने के अन्दर दोबारा चुनाव करा दिया जाये और जो लोग सोसायटी के हित मे काम करते हैं उनको उसका मैनेजमेट दे दिया जाये। मैं निवेदन करूगा कि एडमिनिस्ट्रेटर वाले क्लाज को बिल्कुल हटा दिया जाये। किसी भी सूरत मे आप वहा पर एडमिनिस्ट्रेटर को न रखे और यदि किसी सूरत मे रखना ही पडे तो 6 महीने से ज्यादा न रखे।

इसी प्रकार से हमारे यहा बहुत सी संस्थाये हैं जैसे कोआपरेटिव बैंक्स है। कहा गया कि उन्होंने ऋण दे दिया तो बाद मे वसूली का सवाल उठता है। उनमें कमिया हो सकती है लेकिन इस वसूली के सवाल को लेकर उनके मैनेजमेन्ट को भग कर दिया जाता है और उसके बाद मे पाच छ: साल तक उन बैंक्स में एडमिनिस्ट्रेटर्स बैठे रहते है जोकि अपनी तनख्वाह और भत्ता लेते है और सोसायटी को कभी प्रास्पर नही होने देते है क्योंकि अगर सोसायटी प्रास्पर हो गई, अपनी लेबिल पर आ गई तो फिर एडमिनिस्ट्रेटर को वहां से हटना पड़ेगा।

अन्त में मैं दो तीन बातों की ओर और संकेत करना चाहता हूं। कोआपरेटिव सेक्टर मे विलेज को इकाई मानकर हमें चलना चाहिए और छोटे-छोटे किसानों की जो दिक्कतें हैं, ऋण की या दूसरी जो आवश्यकताएं हैं, उनको कोआपरेटिव सेक्टर की मार्फत मुहैया किया जाना चाहिए। आज जो लैंड मार्गेज बैंक्स या दूसरी बैंक्स है जिनका खास धधा ग्रामीणों को, छोटे छोटे किसानों को ऋण देने का है वह आज किस प्रकार से फंक्शन कर रही है? जितनी उम्मीद हम उनसे करते थे उसका दस परसेन्ट भी वह फुलफिल नहीं कर रही है। इसलिए इस रूरल सेक्टर को पनपाने के लिए, जितनी भी कोआपरेटिव सस्थायें हैं उनकी मार्फत ऋण देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

दो एक क्लाजेज के सम्बन्ध मे मैं और निवेदन करना चाहता हू। इसमे जो क्लाज 23 (सी) है उसमे आपने वोटिंग राइट दिया है कमेटी के अन्दर। प्रावधान है कि कमेटी में जो वोटर्स हैं उनमे एक आदमी एक वोट देगा लेकिन जहा पर सेन्ट्रल गवर्नमेंट उसकी शेयर-होल्डर है वहा 23 (सी) के अन्दर, जितने भी उसके नामिनी होगे उनके अलग अलग वोट होंगे सेन्ट्रल गवर्नमेंट उसकी पार्टनर हो सकती है, शेयरहोल्डर हो सकती है लेकिन मैं नही समझता कि किस चीज को सोच कर, जितने भी उसके नामिनी होगे उनको अलग अलग वोटिंग का राइट दिया गया है।

इसी तरह से यह जो दूसरे कुछ रेस्ट्रिक्शन्स रखे है, वेस्टेड इन्ट्रेस्ट्स को रोकने के लिये उनका मै स्वागत करता हू। लेकिन इसमे तीन साल तक जो आपने एडमिनिस्ट्रेटर रखने का प्राविजन रखा है उस पर आप रीथिंकिंग कीजिए। एक टर्म से अधिक उसको किसी भी हालत मे नही रखा जायेगा, इस प्रकार का इश्योरेंस आप इस हाउस को दीजिए। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं।

*SHRI J. M. GOWDER (Nilgiris) : Hon. Mr. Deputy Speaker, on behalf of my Party, the Dravida Munnetra Kazhagam, I would like to express my views on The Delhi Co-operative Societies Bill, 1972. This Bill seeks to replace the Bombay Co-operative Societies Act which was passed in 1925.

Sir, I need not stress the point that the co-operative laws should be so amended as to be in consonance with the requirements of modern times and to be in a position to meet the needs of the farmers now. It cannot be denied that the cooperative movement is primarily meant for the welfare of farmers and peasants in rural areas. Sir, no other banking institution and not even the branches of nationalised banks will be able to render as much assistance to the people in rural areas as the co-operative banks help them. The farmers are having faith in the cooperative institutions and in fact they entirely depend upon them for their very survival. Here and there, these might be lapses, even unpardonable lapses, in the cooperative sector. There also might be some deficiencies and draw-backs in the working of the cooperative institutions. Our aim should be to remove the bottlenecks in the working of these cooperative institutions and also to plug the loopholes wherever they are. We should endeavour to eradicate the drawbacks and deficiencies in these institutions. I am strongly of the view that it is not proper on our part to condemn the whole cooperative movement just because in its working we notice some irregularities. Before we take this approach, we should also ponder over the question whether the co-operative institutions serving the entire rural area in our country can be substituted by any other organisation, which will be in a position to meet all the requirements of farmers like credit facilities, improved variety of seeds, fertilizers *etc*, as the cooperative movement does now. I would say that it is not possible and also not feasible to replace the cooperative movement by any other organisation. In fact, we should energise further the co-operative movement so that it caters to the utmost the requirements of the farmers.

To give an illustration of the deficiency in the working of the co-operative banks, I would refer to the position obtaining now. When the farmers, who have taken loans from a co-operative bank, want to repay such loans by pledging their jewels because of unforeseen harvest failure, they come across this bottleneck. The Reserve Bank has issued a directive that the loans on jewels should not exceed 5% of the deposit of a co-operative bank. What will the farmers do ? Should they go to some other bank for pledging the jewels and repay the loan from the co-operative bank by taking money from some other bank ? Is it also possible for them to obtain such loans on the jewels from other commercial banks ? You cannot dispute the fact that the farmers are also keen to see that their co-operative banks function profitably and that is why they want to repay the loan even by pledging the jewels when the harvest fails them. This kind of restriction of 5% of the deposits on the loan to be given against jewels is a damper to the farmers and also to the co-operative banks in rural areas. I would appeal to the hon. Minister that he should take this point with the Reserve Bank and see that this restriction is revoked.

Day in and day out the Government of India announce that more branches of nationalised banks should be opened in rural areas to serve the rural people On the other hand, there is this unhealthy restriction of Reserve Bank, which is impeding in the profitable working of co-operative Banks in rural areas. When the Central Cooperative Bank opens 10 or 20 branches in rural areas, they find it difficult to pay salaries to the employees because the rural branches are incurring losses on account of such restrictions. Unless this kind of restriction of 5% is lifted, these rural branches will not be able to work in a profitable manner. If we want our co-operative banking institutions to grow and to be of greater service to the rural people, I would request the hon. Minister that he should do the needful for lifting this limit of 5% for giving loans on the jewels.

Sir, the State Cooperative Bank gives loan to the Central Bank, which in return extends the loan facility to the cooperative societies in rural areas. If the co-operative society unfortunately faces liquidation, according to the present rules, the first priority on the assets of the society goes to the clearing of loans given by the State Government. You will appreciate that it should be the other way about. If the co-operative banks are to

*The original speech was delivered in Tamil.

survive with their slender financial resources, the first priority on the assets of a society under liquidation should be towards the clearing of dues to the co-operative bank. The present method of first priority of the assets of a society under liquidation for the State Government dues should be changed and the co-operative bank dues should be given the first priority in the assets of the society under liquidation.

Sir, we have established marketing committees for the sale of agricultural commodities solely guided by the motive that the farmers should get fair price for the commodities produced by them. But we are permitting Government agencies like the State Trading Corporation, the Food Corporation *etc.*, to interfere in the working of marketing agricultural commodities. I would request the hon. Minister to ensure that the marketing committees are allowed to play their vital and due role in the marketing of agricultural commodities and in consequence the farmers are enabled to get fair price for their produce.

The hon. Member who preceded me referred to the fact that the Registrars have got all the powers in the hands He wanted to curtail these powers of the Registrars. At the State level, the Registrar is the top executive charged with the responsibility of running successfully and profitably the co-operative institutions. He should in fairness be allowed to function effectively. What is the harm in his having all the powers ? If the existing deficiencies in the co-operative sector are to be removed, then the Registrar should have all the powers vested in him.

In conclusion, I would appeal to all the Members not to condemn the co-operative movement as a whole just because there are some deficiencies and irregularities here and there. If we want to achieve the objective of rural welfare throughout the country, I would suggest that greater incentives and assistance should be given by the Government to co-operative movement, as that is the nearest one to help the crores of farmers in our country.

With these words, I whole heartedly welcome this Bill.

SHRI K. SURYANARAYANA (Eluru) : Mr. Deputy Speaker, Sir, I have been closely associated with the cooperative movement for the last 30-40 years. The opinion of public is not very good towards cooperative movement as we expect it to be. Only thick-skinned people can survive in the cooperative societies or in the cooperative movement. (*Interruption.*) Even though it is a recognised policy of the Government, all the Opposition parties and even our party are taking advantage of group politics in the cooperatives. That is why the people are not satisfied and cooperatives are not welcomed by the people because there are defects in the Act itself, because there are defects in the management and because there are group politics in it.

Now, to avoid all these things, year after year, in several States, they are trying to have these Acts passed. But when the question of implementation comes, they are not so much interested in it. They are not so much eager to rectify these things and put them on right lines. There are several defects in the Act itself.

I remember our late Prime Minister Pandit Nehru once said that he could not get a society registered for two years when he was in U. P. We should see that cooperative societies function in a proper way. All the State Governments are trying to have Acts but they are not being implemented. In several Conferences, many important suggestions are made in the field of cooperatives. But the States are not able to come forward to implement the resolutions passed by such Conferences and even agreed to by the concerned Ministers.

In this Delhi Cooperative Societies Bill, they have provided that the office bearers who are elected should not continue for more than 2 terms. That is a good objective. It should be implemented. The Government of India should direct all the State Governments to introduce this clause in their Acts also. So far as I know, some States have passed the Bills but they are not going to get the Governors' consent to get the Bills passed into Acts.

So far as Andhra Pradesh is concerned, they have passed it and they are trying to implement it. I want to bring out one or two defects here. (*Interruptions*). We cannot remove all the defects at one time. We are trying to implement it in a sincere way to

[Shri K. Suryanarayana]

implement it in the interest of the public, specially in the interest of small farmers, small artisans, poor landless people and others. In my State, there are so many....

MR. DEPUTY SPEAKER : Why not talk more of the Delhi Cooperative Societies Bill which is before the House ? This pertains to Delhi.

SHRI K. SURYANARAYANA : Yes ; this Bill is for Delhi. This Bill should be implemented and the Government of India should direct all the State Governments to introduce this kind of a Bill in other States also. That is what I am requesting the Government to do.

SHKI K. N. TIWARY (Bettia) : When the hon. Minister replies to the debate, let him say whether it will be applicable to all States or to Delhi alone.

SHRI K. SURYANARAYANA : While I welcome the Bill, I want to make a suggestion that the Government of India should direct other State Governments also to have this kind of a Bill. The Government of India has get now full control over other States also. They should direct the State Governments to have a Bill like this in the interest of small farmers, small artisans, poor landless people and such other people also.

There are so many defects in it. I would like to give one example. There are heavy losses in the Super Bazar. Where is the fault ? There are certain officers appointed by the Government. Whenever there is a fault found in the Director or some officer, they will say that they will take action. But nothing happens. These IAS or ICS officers are appointed by the Government. They are not taking proper action. And they are not going to institute any inquiry against any officers because all these officers, from top to bottom, are associated with one another ; unless there is collusion among officers, such things will not happen. In the Cooperative Act itself there is a loophole. If there is any mistake, some people think that Directors, including officers, are responsible for those things. But nobody bothers to take any action ; Government should initiate steps against officers whomsoever are responsible for mistakes. For instance, the Cooperative Sugar Factory are given licence. But they are not able to collect money. But Government is pressing for licence for them. It is not that all IAS officers are like this. Some officers in my State have helped the Society to collect the capital, but some others sit just at the table and do not collect the money at all. They must create confidence in the people. That is why, the idea of cooperative movement is a wonderful thing ; it is a very nice thing. My hon. friend, Mr. Bosu's Party and our Party believe in that, because it helps small farmers and agriculturists. But the defect is in implementation. It should be implemented correctly. Our friends, on the opposition side also, are worried about implementation of the Act ; otherwise, there will be no opposition to this legislation on cooperative movement.

I fully support this Bill and I request once again that Government of India should insist all the State Governments also to follow the lines given in this Delhi Cooperative Societies Bill.

डा० लक्ष्मीनारायण पान्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, दिल्ली से सम्बद्ध दिल्ली सहकारी सोसाइटीज विधेयक पर चर्चा सदन में की जा रही है। इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन यह है कि केवल विधान बना देने मात्र से या किसी चलते हुए विधान के स्थान पर दूसरा विधेयक ला कर उसको विधान का रूप देने मात्र से समस्या का हल नहीं हो जाती है। सहकारी क्षेत्र में आज जो स्थिति है, इस अवसर का लाभ उठाते हुए उस पर मैं अपने विचार संक्षेप में प्रकट करना चाहूंगा।

हमने सहकारी सोसाइटीज का जाल बिछा दिया है। उनसे हमारी अपेक्षायें भी बहुत अधिक हैं। उन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य हो रहा है, यह हमें देखना है। मैं समझता हूं कि हमारे सामने बैठे हुए शिन्दे साहब भी इस बात को स्वीकार करेंगे कि हमारी अपेक्षायें सहकारिता से पूरी नहीं हुई हैं, जिस रूप में हम सहकारिता आन्दोलन को चलाना चाहते हैं, सहकारी भावना को फैलाना चाहते हैं, लोगों को उसका लाभ देना चाहते हैं, एक छोर से दूसरे छोर तक इसको बढ़ावा देना चाहते हैं, छोटे किसान को या दूसरा छोटा मोटा काम

करने वाले को लाभ पहुंचाना चाहते हैं, वह हम नहीं पहुंचा पाए हैं। यही कारण है कि आज लोगों में, आम जनता में यह चर्चा का विषय बन गया है और लोग कहने लग गए हैं कि ऐसी सहकारिता न ही हो तो अच्छा हो। लेकिन मैं यह नहीं कहना चाहता हूं कि सहकारी आन्दोलन अच्छा नहीं है। वह अपने आप में बहुत अच्छा है, उसका उद्देश्य बहुत अच्छा है, उसके पीछे जो भावना है, वह बहुत प्रशंसनीय है और इस आन्दोलन का प्रसार भी होना चाहिये, प्रचार होना चाहिए। लेकिन सहकारी समितियां आदि जो हैं वे ठीक ढंग से काम करें, इसमें भी कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं।

दिल्ली की चर्चा करते हुए माननीय सदस्य श्री सम्भली ने बताया कि यहां ही नहीं अन्यत्र भी ऐसी सोसाइटीज देखी गई हैं जिनके बारह बारह बरस तक की लम्बी अवधि तक निर्वाचन नहीं हुए। दूसरी तरफ ऐसी भी सोसाइटियां हैं जो भंग या बन्द कर दी गई और प्रशासक नियुक्त हो गया, तो जहां उसकी अवधि छः महीने की विधेयक में निर्धारित हैं, वह लगातार छः छः महीने करके तीन बरस तक काम करता रहे और नए चुनाव नहीं करवाए गए। यही कारण है कि आज लोगों में सहकारिता के प्रति उदासीनता है। हम इन पर करोड़ों नहीं अरबों रुपया खर्च करते हैं। दिल्ली को आप लें। दिल्ली में लोगों की करोड़ों रुपये की पूंजी शेयरों के रूप में इनमें लगी हुई है। इन शेयर होल्डरों को आप ने कब कब और कितना लाभ पहुंचाया है और कब कब उनको शेयरों पर ब्याज दिया है और अगर नहीं दिया है तो क्यों नहीं दिया है और इसके कारण क्या हैं? आपकी कितनी सोसाइटीज बनी हुई हैं, कृषि समितियां ऐसी हैं या ग्राम सेवा समितियां हैं या दूसरी छोटी बड़ी समितियां बनी हुई हैं उनमें से कितनी समितियां ऐसी हैं जो स्वयं में आत्म निर्भर हैं और उनको किसी दूसरे की सहायता या सहयोग की आवश्यकता नहीं है, यह मैं जानना चाहता हूं।

वर्षों के सहकारिता आन्दोलन के बाद भी, सरकारी पोषण के बाद भी, सरकार सहकारी समितियों को आत्म-निर्भर नहीं बना सकी है। इस स्थिति में मैं समझता हूं कि कहीं न कहीं कोई त्रुटि अवश्य है और इसको जांच-पड़ताल करना आवश्यक है।

मंत्री महोदय ने बैंकिंग कमीशन की रिपोर्ट और सहकारिता मंत्रियों के 1968 के सम्मेलन का जिक्र किया है। बैंकिंग कमीशन की रिपोर्ट के पेज 154, पैराग्राफ 19 में कहा गया है।

> "The most recent review of the subject was done by the All-India Rural Credit Review Committee which summed up its observations on the performance of the primary credit societies as follows:
>
> (a) The proportion of co-operative credit to the total borrowings of the cultivators appears to have continued to be small in absolute standards in most parts of the country;

इसमें आगे कहा गया है:

> "(d) A large number of primary societies are not potentially viable and must be regarded as inadequate and unsatisfactory agencies for dispensing production-oriented credit;"

रिपोर्ट के पेज 155 और 156 पर जो निष्कर्ष निकाले गये हैं, उनसे साफ पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में चलने वाली सहकारी समितियों से, चाहे वे सुपर बाजार हों या मार्केटिंग सोसायटीज हों, जो किसानों के गल्ले की खरीदों-फरोख्त का काम करती हैं, जो लाभ मिलना चाहिए, वह आज नहीं मिल रहा है। भले ही सरकार यह दावा करे कि दिल्ली में अनेकों सहकारी समितियां हैं, उनमें लाखों सदस्य हैं, उनका 50 करोड़ रुपये का लेन-देन है और देश में भी सहकारिता का बहुत विस्तार हुआ है, लेकिन वे सहकारी समितियां ठीक ढंग से नहीं चल रही हैं और उनसे जनता को पूरा लाभ नहीं पहुंच रहा है।

आज स्थिति यह है कि सहकारी समितियों के वार्षिक चुनावों के अवसर पर ऐसे आरोप

[डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय]

लगाये जाते हैं कि अमुक अमुक व्यक्तियों पर इतना इतना कर्जा है, इसलिये वे मत देने के अधिकारी नहीं हैं । इसके अतिरिक्त यह भी देखा जाता है कि सहकारी समितियों के पदाधिकारी परस्पर मिलकर पेपर ट्रांजेक्शन आप करते हैं कि इतना पैसा दिया है, इतना वापिस आया है और इतना समिति के पास है । यह स्थिति न केवल दिल्ली में, बल्कि देश के अन्य भागों में भी है । जहां तक दिल्ली का सम्बन्ध है, मन्त्री महोदय बतायें कि यहां पर सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति क्या है और शेयर होल्डर्ज को लाभ के रूप में कितना रुपया दिया गया है और अभी नहीं दिया गया है, तो क्यों नहीं दिया गया है । इन समितियों के बारे में कई प्रकार के आरोप और प्रत्यारोप लगाये जाते हैं । दिल्ली की कुछ सहकारी समितियों के सदस्यों ने जमीन और दूसरी सुविधाओं की मांग की है, लेकिन उनके प्रार्थना पत्रों को रिजेक्ट कर दिया गया है । आज सरकार उन सहकारी समितियों पर अपना आधिपत्य रखकर उनको अपनी इच्छानुसार चलाना चाहती है । यदि यही स्थिति रही, तो देश में सहकारिता आन्दोलन से कोई लाभ नहीं होगा ।

अब मैं इस विधेयक की कुछ धाराओं की ओर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । धारा 20 (2) में उपराज्यपाल को बहुत व्यापक अधिकार दिये गये हैं । मैं समझता हूं कि उनको इतने लम्बे चौड़े अधिकार देने की आवश्यकता नहीं थी ।

धारा 23 में कहा गया है "सहकारी सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का सोसाइटी के मामलों में एक मत देने का अधिकार होगा : परन्तु—(क) मत बराबर होने की दशा में अध्यक्ष को द्वितीय या निर्णायक मत देने का अधिकार होगा । मैं समझता हूं कि प्रजातांत्रिक परम्परा के अनुसार किसी को भी दो मत देने का अधिकार नहीं होना चाहिये । सामान्य रूप से एक व्यक्ति को एक मत देने का अधिकार होता है । इसलिये अध्यक्ष को भी केवल एक मत देने का अधिकार होना चाहिये ।

SHRI ANNASAHEB P. SHINDE : The Chairman is from among the members. The casting vote is to be exercised by the Chairman and he is the representative of the society. He is one of the Members of the Society.

डा० लक्ष्मी नारायण पाण्डेय : धारा 32 (1) में कहा गया है कि यदि रजिस्ट्रार की राय में कोई सहकारी समिति अपने कृत्यों का पालन करने में बराबर व्यतिक्रम करती है या उपेक्षा (नेग्लीजेंस) करती है, तो रजिस्ट्रार नोटिस देकर उस समिति को भंग कर सकेगा । "उपेक्षा" शब्द बड़ा व्यापक है । इसके अन्तर्गत रजिस्ट्रार किसी भी समिति के बारे में कह सकता है कि उसने अपने कृत्यों का पालन करने में उपेक्षा की है ।

धारा 32 (1) (ख) में कहा गया है कि रजिस्ट्रार किसी समिति को भंग करने के बाद किसी भी व्यक्ति को उसका प्रशासन नियुक्त कर सकेगा, चाहे वह व्यक्ति उस समिति का सदस्य न भी हो । इस व्यवस्था को भी उचित नहीं कहा जा सकता है ।

इस धारा में यह भी कहा गया है कि सोसाइटी को कालावधि रजिस्ट्रार के विवेकानुसार समय समय पर बढ़ाई जा सकेगी, जोकि तीन वर्ष से अवधि की नहीं होगी । एक तो तीन वर्ष की अवधि बहुत लम्बी चौड़ी है । यदि किसी समिति को भंग किया जाता है, तो तत्काल उसके इलैक्शन हों और चुने हुए प्रतिनिधि उसके काम को चलायें । दूसरे, विवेक का कोई मानदंड नहीं है । इसलिये रजिस्ट्रार को इस प्रकार का असीमित अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए ।

धारा 55 (1) में कहा गया है कि रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से—आफ हिज ओन मोशन किसी सोसाइटी के बारे में जांच करने का

आदेश दे सकेगा। चाहे समिति का कोई सदस्य कहे या न कहे, वह अपनी इच्छा से, कोई मत भुटाव होने पर कह सकेगा कि समिति का काम ठीक ढंग से नहीं चल रहा है, उसकी बहियां ठीक नहीं हैं, इसलिए उस के गठन और वित्तीय अवस्था की जांच की जायेगी। रजिस्ट्रार को जो पावर्ज दी गई हैं, वे ठीक नहीं हैं। आवश्यकता से अधिक हैं।

धारा 78 (1) में कहा गया है : "उपराज्यपाल इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त कृत्यों को करने के लिए अधिकरण गठित करेगा, जो दिल्ली सहकारी अधिकरण कहलाएगा।" इसमे यह तो कहा गया है कि अधिकरण का गठन कौन करेगा, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि उस अधिकरण का स्वरूप क्या होगा, उसका कार्य क्या होगा, उसके सदस्य निर्वाचित होंगे या मनोनीत, आदि।

अन्त मे मैं यह कहना चाहता हू कि इस विधेयक मे बहुत-सी खामिया हैं। यह विधेयक इतनी जल्दी लाया गया है कि हमे इसका गहराई से अध्ययन करने का अवसर भी प्राप्त नही हुआ है। अच्छा होता, अगर इसको एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाता। मन्त्री महोदय ने 1968 के सहकारिता मन्त्रियों के सम्मेलन और बैंकिंग कमीशन की रिपोर्ट का हवाला दिया है। अत: इस पर गहराई से विचार जरूरी है। वह इस विधेयक को विलम्ब से भी लाये हैं। इसलिए अगर इसमे एक दो महीने का विलम्ब और हो जाता, तो कुछ न बिगड़ता। अगर इसको प्रवर समिति के सुपुर्द किया जाता, तो इस विधेयक की त्रुटियो को दूर किया जा सकता था और लोगों को सहकारिता से अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके इस उद्देश्य की पूर्ति में यह कदम ज्यादा कारगर होता।

आज सहकारिता आन्दोलन के बारे में एक नए ढग से सोचने की आवश्यकता है। तभी वह सफल होगा, वर्ना वह एक आन्दोलन मात्र रह जायेगा। जैसा कि कहा जाता है, आज सहकारी आन्दोलन एक प्रकार से सरकारी आन्दोलन बन गया है। कृपया इसे सरकारी आन्दोलन होने से बचायें।

श्री हलीम सिंह (बाहा दिल्ली) : डिपुटी स्पीकर साहब, मैं दिल्ली कोआपरेटिव सोसाइटी बिल का समर्थन करना चाहता हू।

इस बिल की क्लाज 31 (5) में कहा गया है कि ऐसा कोई भी व्यक्ति किसी कोआपरेटिव सोसायटी का आफिसबेयरर नहीं बन सकता, चाहे वह पद प्रेजिडेंट, वाइस-प्रेजिडेंट, चेयरमैन या वाइस-चेयरमैन का हो, और चाहे मैनेजिंग डायरेक्टर, सेक्रेटरी, जायंट सैक्रेटरी या ट्रैजरर का हो, जो दो टर्म्ज तक किसी पद पर रह चुका हो। मैं यह जानना चाहता हूं कि जो आदमी इलैक्शन लड़ कर आता है, जिसको सोसाइटी के मेम्बर चुन कर भेजते हैं, उसमें क्या डिसक्वालिफिकेशन आ जाता है ? हमारे यहा कितने ही पार्लियामेंट के मेम्बर 1952 से लेकर आज तक चले आ रहे हैं। इसी तरह ऐसे एसेम्बलीज कमेटीज और कारपोरेशन के मेम्बर भी हैं, जो लगातार पांच टर्म्ज से चले आ रहे हैं। इस बिल मे मिनिस्टर साहब ने यह रोक लगा दी है कि जो भी व्यक्ति दो टर्म्ज तक, या उनके पार्ट तक, आफिसबेयरर रह चुकेगा, वह फिर मुकर्रर होने के लिए डिसक्वालिफाइड हो जायेगा। अगर कोई आफिसबेयरर एक दो साल बाद मुकर्रर होता है और छः साल पूरे नहीं करता है, तो भी वह डिसक्वालिफाइड हो जायेगा। यह कोई दिक्कत की बात नही है। एक आदमी को लोग पसन्द करते हैं। वह आदमी एलेक्शन मे जीत कर आता है। डेमोक्रेसी के अंदर यह फायदा होता है कि जिस आदमी को जनता जिता कर भेजे वह डिसक्वालीफाइड नहीं माना जाना चाहिए।

दूसरी बात मैं इस के अंदर यह कहना चाहता हू कि यहां पर एक गवर्नमेंट नामिनी की बात कही गई है पृष्ठ 13 के ऊपर क्लाज 31, सब-क्लाज (9) (ए) के अंदर जिसमे यह कहा गया है कि गवर्नमेंट नामिनी मुकर्रर किए जाएंगे मैनेजमेंट के अंदर। अब जो पहले

[श्री दलीप सिंह]

भी चलता रहा है लेकिन इसमें यह नहीं कहा गया कि कितना गवर्नमेंट शेयर उस इंस्टीट्यूशन में होगा। क्योंकि एक हजार देकर भी नामिनेट किया जा सकता है सरकार का नामिनी, एक लाख देकर भी हो सकता है, दस लाख देकर भी हो सकता है। तो उसका शेयर कम से कम बताना चाहिए। पिछले दिल्ली कोआपरेटिव बैंक के मामले में जब सरकारी अफसरों का नामिनेशन था तो हमने यह बात कही थी कि पांच लाख रुपये के अगर गवर्नमेंट के शेयर होंगे तो गवर्नमेंट के नामिनीज मैनेजमेंट में शामिल करेंगे। अब इसके अंदर कोई हद मुकर्रर नहीं है चाहे जितना शेयर गवर्नमेंट दे उसके नामिनीज जरूर जाएंगे। यहां पर जितनी पावर है वह डिपार्टमेंट को दे दी गई है, रजिस्ट्रार को दे दी गई है। आप जानते हैं कि डेमोक्रेसी में जब हम ब्यूरोक्रेसी की तरफ जाते हैं तो बहुत ज्यादा परेशानी की बात यह साबित होती है। इसमें एक बात यह भी की गई है कि रजिस्ट्रार जब चाहेगा नोटिस देकर मैनेजमेंट को सुपरसीड कर सकता है। अभी पिछले दिल्ली स्टेट कोआपरेटिव बैंक को दो महीने के लिए सुपरसीड किया गया और मैनेजमेंट को हटा करके तीन अफसर वहां पर मुकर्रर किए गए। उन आफिसर्स में से दो महीने के अंदर एक दिन के लिए भी कोई आफिसर देखने नहीं गया। मुझे समझ में नहीं आता है कि जो जनता के एलैक्टेड रेप्रेजेन्टेटिव्स हैं उनको हटा कर के वहां पर ऐडमिनिस्ट्रेटर मुकर्रर कर दिया जाय यह कोई समझदारी की बात नहीं मालूम होती। इसमें इतनी ताकत दे दी गई है रजिस्ट्रार को या लेफ्टिनेंट गवर्नर को कि जब चाहे किसी सोसाइटी को सुपरसीड कर सकता है और किसी रीजन के। इसमें यह दिया है कि वह नोटिस देगा और अपार्च्युनिटी मिलेगी, लेकिन रीजन क्या होगा यह नहीं दिया है। यह उनकी नाराजगी भी हो सकती है या कोई खास और रीजन भी हो सकता है। यह बात मैं मानने के लिये तैयार हूं कि जिस इंस्टीट्यूशन, बैंक या फेडरेशन का मैनेजमेंट ठीक नहीं है, जिसके अंदर दिक्कत है, बेईमानी की जाती है, उसको तो जरूर सुपरसीड कर दिया जाय। लेकिन जो अच्छे ढंग से चल रहा है बैंक उसके मैनेजमेंट को इसलिए सुपरसीड कर दिया गया कि कुछ बैंक के डायरेक्टर्स से रजिस्ट्रार साहब नाराज थे और दो महीने तक वह बैंक सुपरसीड रहा। लेफ्टिनेंट गवर्नर से हमने कहा कि क्या बात है, रीजन क्या है इसका मैनेजमेंट सुपरसीड करने का? कोई रीजन नहीं था। जो एलीगेशंस लगाए गये हैं वह बिलकुल गलत थे। आखिर लेफ्टिनेंट गवर्नर ने हमारी दरख्वास्त को मान लिया और बैंक को दोबारा फिर रीइस्टेट किया। मैं बताना चाहता हूं कि दो महीने के अंदर जो कोआपरेटिव बैंक की हालत बनी है, एक नये पैसे की वसूली कोई भी करने को तैयार नहीं हुआ क्योंकि कोई देखभाल करने वाला नहीं था और किसी को पैसा नहीं मिला। डिपाजिटर्स डिपाजिट्स निकालने लग गए। कोई नया डिपाजिट नहीं आया। दो महीने में यह हालत हुई। तो मैं यह दरख्वास्त करना चाहता हूं मंत्री महोदय से कि यह बात आप जरूर देख लें कि वगैर किसी वजह के महज किसी आफिसर की नाराजगी में या किसी खास कारण से कोई मैनेजमेंट सुपरसीड नहीं होना चाहिए। दिल्ली के अंदर दो तीन किस्म की सोसाइटीज काफी तेजी से काम कर रही हैं। लेकिन मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि 51 लाख रुपया कोआपरेटिव बैंक का लिक्विडेशन में पड़ा हुआ है और बैंक ने 5 वेहिकिल्स रजिस्ट्रार साहब को दिए हैं। बैंक की गाड़ियां सब उनके डिस्पोजल पर हैं। जब चाहें वसूली करें लेकिन आज जो सोसाइटीज लिक्विडेशन में थी उसमें कोई वसूली नहीं हो पाई। लिविंग सोसाइटीज में से पैसा निकाल कर ले आते हैं। आज इस डिपार्टमेंट को आप इतनी ताकत दे रहे हैं तो उसमें यह समझने की बात है कि वह वसूली के काम को करे और बैंक को या फैडरेशन की या सोसाइटी की मदद करे। कितनी सोसाइटीज दिल्ली में ऐसी हैं जो लिविंग सोसाइटीज थीं उनको सहज नाराज होकर लिक्विडेशन में डाल दिया गया है?

मैं अन्त में यह कहना चाहता हूं कि सबसे बड़ी बात यह है कि जो रोक लगाई गई हैं इलैक्शन के ऊपर जिसमें डिसक्वालिफाई कर देते हैं, यह चीज नहीं होनी चाहिये। जो इलैक्शन जीत कर आए उसका स्वागत होना चाहिए क्योंकि जनता ने उसको इलैक्ट करके भेजा है। यह रोक जरूर हटा दी जानी चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री बरबारा सिंह (होशियारपुर) . उपाध्यक्ष महोदय, यह बिल दिल्ली से ताल्लुक रखता है। इसमें पुराने एक्ट में चेंजिज की गई हैं और पुराने एक्ट को रिप्लेस किया है। महाराष्ट्र के एक्ट के ढंग से इसको लाया गया है। हम जब भी कभी देखते हैं महाराष्ट्र की तरफ तो पाते हैं कि वहां सोसाइटीज का मैनेजमेंट बहुत अच्छे ढंग से किया जा रहा है। जहां तक कोआप्रेटिव शूगर मिल्ज का ताल्लुक है वे बहुत आला पाई गईं। दूसरी सोसाइटीज भी बहुत अच्छी हैं। इस बिल को उसी ढंग से लाया गया है। कुछ जो 1925 का ऐक्ट था उसमें कमियां थीं, उनको दूर करके और इसको रिशेप करने के लिए यह बिल लाया गया है। मैं मन्त्री महोदय को इसके लिए बधाई देता हूं।

कोआप्रेटिव सोसाइटीज में जो यह कमी थी कि जब जी चाहे इलैक्शन करवा दिया, या दस साल नहीं करवाया तो वही की वही पड़ी रहेगी इसको उन्होंने दूर किया है। दिल्ली में कई सोसाइटीज हैं जो जमीन को बेचती हैं, या अमानत के लिये या दूसरी चीजों के लिये काम करती हैं, उनके पास कितना सरमाया है यह आपने कभी देखा नहीं। वह कितना पैसा किस ढंग से इस्तेमाल करती है, इसकी जांच होनी चाहिए क्योंकि यह यूनियन टेरीटरी है और इसके ऊपर ध्यान दिया जाना जरूरी है। इन्होंने यह बड़ा अच्छा काम किया है जो इस बिल को लाकर पुराने ऐक्ट का रिप्लेसमेंट किया है यूनियन टेरीटरी की कोआप्रेटिव सोसाइटीज को अच्छे ढंग से चलाने के लिये। सबसे बड़ी बात यह है कि जो डिलेज थी उनको दूर करने का प्रयत्न किया जा रहा है। मैं शिन्दे साहब को मुबारकबाद दूंगा जब वह डिलेज को दूर कर सकेंगे। किसी आदमी की रजिस्ट्रेशन उस सोसाइटी के अंदर हो तो वह अपनी मर्जी से करते हैं, सालों साल उसको लटका सकते हैं। लेकिन उन्होंने कहा है कि हम डिलेज को दूर करेंगे। मुझे शक है कि वह इसको दूर कर सकेंगे क्योंकि उसमें कई पेचीदगियां और भी हैं जिससे किसी आदमी को उसके अंदर शामिल होने में काफी देर लगाई जा सकती है क्योंकि वह इम्पार्टेंट आदमी है। इसीलिये इन्होंने यह ठीक बात की है कि कोई आदमी तीन साल से ज्यादा या तीन सोसाइटीज का लगातार मेम्बर नहीं रह सकता है। इस पाबन्दी से यह होगा कि रोटेशन से हर आदमी को यह मौका मिलेगा कि वह आकर कोआप्रेटिव सोसाइटी के अंदर काम कर सके। दूसरे, यह कि यह इजारेदारी नहीं है, यह इन्होंने तोड़ी है। इसको तोड़ने से लाजिमी तौर पर दूसरे आदमी आगे आ सकेंगे। मैं कोआप्रेटिव सोसाइटीज को मजबूत बनाने के हक में हूं। प्राइवेट सेक्टर की जगह हम कोआप्रेटिव सेक्टर को बड़ा अच्छा हिस्सा मानते हैं और इसको मजबूत करने की जरूरत है। अगर देहाती जिन्दगी को आपने अच्छा बनाना है तो कोआप्रेटिव सेक्टर मजबूत बनाया जाय। आप देखें कि किस भाव पर, किस इन्टेरेस्ट पर इनको कर्जा मिलता है। यह जो कोआपरेटिव सोसाइटी का सिस्टम है इसको आसान कीजिए क्योंकि सवा नौ, साढ़े नौ परसेंट पर इनको कर्जा दिया जाता है जबकि इंडस्ट्रीज को तीन सवा तीन परसेंट पर दिया जाता है। यह कौन खा जाता है रास्ते से? मेरा कहना है कि डिस्ट्रीब्यूटिंग एजेंसीज को खत्म करना चाहिये, सीधे कोआप्रेटिव सोसाइटीज को रुपया मिलना चाहिये ताकि वे अपना काम चला सकें। डायरेक्ट उनको मिलना चाहिये। यह दर्म्यान में बहुत सी एजेंसीज उसमें आ जाती हैं। कोओप्रेटिव्ज का रुपया हज्म हो जाता है। एक नहीं कई स्टेजिज में से होकर रुपया जाता

[श्री दरबारा सिंह]

है। रास्ते में जितनी इंस्टीट्यूशंज बनाई हुई हैं वे रुपया खाती हैं और वह रुपया दो परसेंट, तीन परसेंट और चार परसेंट चार्ज हो करके आखिर में जो बैनिफिशरी है उसको सवा नौ साढ़े नौ परसेंट पर मिलता है। इसके बारे में खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर ध्यान नहीं देंगे तो वही बात होगी कि यह कोऑपरेटिव सैक्टर नहीं होगा यह तो प्राइवेट सैक्टर होगा। मैं इनको बधाई इसलिये देता हूं कि इन्होंने कुछ एजूकेशन फण्ड और दूसरी चीजों के लिये प्रावीजन रखा है। लेकिन गवर्नर के पास इतनी पावर्स नहीं होनी चाहिए। अगर कोआपरेटिव सैक्टर मजबूत करना है तो लोगों को मजबूत कीजिये, जो चुन कर आनेवाले हैं, उनको मजबूत कीजिये, वरना जो आपका कोआपरेटिव सैक्टर का परपज है, वह खत्म हो जायगा, क्योंकि गवर्नर को पता नहीं है कि नीचे की सोसायटीज क्या काम करती हैं, सिर्फ रजिस्ट्रार को पता होता है। किसी को खत्म कर दें, किसी को सालिस मुकर्रिर कर दें-- यह ठीक नहीं है। आप दिल्ली की हिस्ट्री को देखें--कितने सालिस मुकर्रिर हुए और कितने साल उनको खत्म करने में लगे। यह हालत हुई है कि अगर सोसायटी के पास कुछ फण्ड बकाया रहता है और सालिस मुकर्रिर हो गया है तो वह पैसा भी खत्म हो गया और कोई काम नहीं हुआ। इसलिये इसके सिलसिले में भी कोई टाइम-बाउण्ड प्रोग्राम होना चाहिये।

आपने प्रावीजन किया है कि अगर कोई सोसायटी 30 दिन में रजिस्टर न कराये तो उसके खिलाफ दूसरा आदमी शिकायत कर सकता है। आप ऐसी बात कीजिये, लेकिन इस बात का भी ख्याल रखिये कि आदमी उस सोसायटी में हिस्सा ले सके। अगर आप ऐसा कर पायेंगे तो कोआपरेटिव सैक्टर का जो आइडिया है, वह खत्म हो जाता है।

आपने इस कानून में कहा है कि मनी-लैण्डर्स, ट्रेडर्स या मिडिलमैन जिनके इन्टरेस्ट कान्फ्लिक्ट करते हैं उनको नजदीक नहीं आने देंगे, लेकिन वे किसी न किसी ढंग से आकर आयेंगे, वे खुद नहीं आयेंगे तो अपने आदमी को भेजेंगे, तब आप किस लिहाज से उसको रोक सकते हैं। आपने रोटेशन तो मुकर्रिर कर दी कि इतने साल के बाद दूसरा आदमी चुना जायगा, बार-बार वही आदमी नहीं चुना जायगा, लेकिन फिर भी उनको रोका नहीं जा सकेगा। हर आदमी इस बात को पसन्द करेगा कि इजारेदारी को रोका जाय, लेकिन फिर भी वे उसको शक करते रहेंगे। कोआपरेटिव सैक्टर का अगर फैलाव करना है तो यह लाजमी है कि मनीलैंडर्स को आप कैसे रोकेंगे--इसकी वजाहत करें। वैसे तो सरकार भी मनीलैंडर है, लेकिन इन लोगों का इन्फिल्ट्रेशन तो कई ढंग से होता है। मैं तो यह चाहता हूं कि रजिस्ट्रार, जिसके जिम्मे आपने यह काम लगाना है, वह कोई टाइम-बाण्ड प्रोग्राम बनाये। जहां उसके इंस्पैक्टर्स को मेम्बर्स को रजिस्टर करना है, वहां वे यह भी कहें कि जो फैसले पड़े हुए हैं, उनको भी साफ कर दिया जाय और बकाया न रहने पाये। क्योंकि जिन आदमियों की तरफ रुपया नहीं निकलता है, वे कोर्ट में चले जाते हैं और इस तरह से कोआपरेटिव्ज का मतलब खत्म हो जाता है। इसको कैसे रोकना है आप इस पर गौर करें। जितने पुराने एरियर्स हैं उनको खत्म करायेंगे यह अच्छी बात है।

